परिशिष्ट - एक

"शारीरिक नापजोख, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं लिखित परीक्षा "

शारीरिक नापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा

विज्ञापन की कंडिका 4 में निर्धारित शारीरिक अर्हता जांच हेतु शारीरिक नापजोख की जायेगी, शारीरिक नापजोख में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जायेगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंतर्गत 1500 मीटर दौड़ 05 मिनट 40 सेकंड में पूरी करनी होगी।

उपरोक्त स्पर्धा क्वालीफाईंग होगी एवं स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा ली जायेगी। उपरोक्त स्पर्धा में क्वालीफाई न करने वाले अभ्यर्थियों को इसी स्तर पर उनुत्तीर्ण घोषित कर दिया जायेगा एवं लिखित परीक्षा में शामिल नहीं किया जायेगा।

लिखित परीक्षा

(1) चयन हेतु वस्तुनिष्ठ परीक्षा का आयोजन किया जायेगा :-

वस्तुनिष्ठ परीक्षा - 50 अंक

(भाग - 1 छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान)

(2) अभ्यर्थी का चयन वस्तुनिष्ठ परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों के मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

(3) वस्तुनिष्ठ परीक्षा :-

i. परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार का एक प्रश्न पत्र होगा, जिसमें प्रश्नों की संख्या 50 होगी।

ii. परीक्षा के प्रश्न-पत्र वस्तुनिष्ठ (बहुविकल्प प्रश्न) प्रकार के होंगे, प्रत्येक प्रश्न के लिए 04 संभावित उत्तर होंगे जिन्हें A,B,C,D में समूहीकृत किया जायेगा जिनमें से केवल एक उत्तर सही/निकटतम सही होगा, उम्मीदवार को उत्तर पुस्तिका में उसके द्वारा निर्णित सही/निकटतम सही माने गये A,B,C,D में से केवल एक विकल्प का चयन करना होगा।

* किसी प्रश्न के उत्तर विकल्पों में से किसी भी विकल्प का चयन नहीं करने पर संबंधित प्रश्न के उत्तर की जांच नहीं की जाएगी।

(4) पाठ्यक्रम की जानकारी परिशिष्ट - दो में दी गयी है। वस्तुनिष्ठ परीक्षा हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में होगा।

ResultBharat.com

परिशिष्ट - दो

"पाठ्यक्रम"

भाग - 1 :: छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान::

1. छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ का योगदान।
2. छत्तीसगढ़ का भूगोल, जल, खनिज संसाधन, जलवायु एवं भौतिक दशायें।
3. छत्तीसगढ़ की साहित्य, संगीत, नृत्य, कला एवं संस्कृति।
4. छत्तीसगढ़ की जनजातियां, बोली, तीज एवं त्यौहार।
5. छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था, वन एवं कृषि।
6. छत्तीसगढ़ का प्रशासनिक ढांचा, स्थानीय शासन एवं पंचायती राज।
7. छत्तीसगढ़ में मानव संसाधन एवं ऊर्जा संसाधन।
8. छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समसामयिक घटनाएं।

PART-1 ::GENERAL KNOWLEDGE OF CHHATTISGARH::

1. History of Chhattisgarh and contributions of Chhattisgarh in freedom struggle.
2. Geography, water, mineral resources, climate and physical conditions.
3. Literature, music, dance, art and culture of Chhattisgarh.
4. Tribals, dialects, teej and festivals of Chhattisgarh.
5. Economy, forest and agriculture of Chhattisgarh.
6. Administrative structure of Chhattisgarh, local government and Panchayati Raj.
7. Human resources and energy resources in Chhattisgarh.
8. Education, health and contemporary events in Chhattisgarh.

ResultBharat.com